सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 354 | इंदौर, बुधवार 09 जुलाई, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## गिलकी-गोभी ₹120 किग्रा, लौकी@80 रुपए KG, टमाटर बना 'लाल सोना'...

### भोपाल में सब्जियों के दाम सुनकर उड़ जाएंगे होश




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मानसून आते ही सब्जियों के दाम बढ़ गए हैं। हरी सब्जियां बहुत महंगी हो गई हैं। फूल गोभी और गिलकी 120 रुपये प्रति किलो बिक रही हैं। लौकी और पत्ता गोभी 80 रुपये प्रति किलो बिक रही हैं। टमाटर, जो सर्दी और गर्मी में 10 से 20 रुपए प्रति किलो बिकते थे, अब 60 रुपये प्रति किलो बिक रहे हैं। आलू और प्याज ही ऐसे हैं जो 30 रुपये प्रति किलो बिक रहे हैं। कद्दू भी 30 रुपये प्रति किलो बिक रहा है। बारिश के कारण सब्जियों की आवक कम हो गई है। इसलिए दाम बढ़ गए हैं।

स्कूल टीचर प्रेरणा शर्मा ने बताया कि कुछ दिन पहले बिट्टन हाट में सब कुछ सस्ता था। बैंगन 10 रुपये का ढेर था। टमाटर 20 से 40 रुपये प्रति किलो थे, पर अब 60 रुपये से कम में कुछ नहीं मिल रहा है। करेला और गिलकी 120 रुपये प्रति किलो देखकर वे हैरान रह गईं।

सरकारी कर्मचारी पंकज दुबे ने हंसते हुए कहा 'मुझे नहीं पता कि लोगों के लिए यह कितना संभव है, लेकिन मैं सुझाव दूंगा कि यह साल का वह समय है जब सब्जियां खरीदने के बजाय फल खरीदना बेहतर है। आपके पास कई तरह के आम, केले, संतरे, जामुन और कुछ और हैं, और वे बहुत महंगे भी नहीं हैं, सिवाय लीची और निश्चित रूप से अनार और सेब के, जो अभी भी सब्जियों से महंगे हैं।

### सब्जियों की सप्लाई हुई कम

सब्जी विक्रेता राकेश चौरसिया ने बताया कि सब्जियों की सप्लाई कम हो गई है। थोक बाजार में दाम बढ़ने से खुदरा बाजार में भी दाम बढ़ जाते हैं। बिट्टन मार्केट सब्जी व्यापारी महासंघ के अध्यक्ष हरिओम खटीक ने कहा कि बारिश में सब्जियों के दाम बढ़ जाते हैं। उन्होंने कहा कि 'सब्जियों की कीमतें आमतौर पर बारिश के मौसम में बढ़ जाती हैं, लेकिन अगर थोक बाजार में कद्दू 20 रुपये प्रति किलो बिकना शुरू हो जाए, तो हम यह कह सकते हैं कि सब्जियों की कीमतें वास्तव में बढ़ गई हैं। जिन क्षेत्रों से सब्जियां भोपाल लाई जाती हैं, उनमें बारिश की मात्रा उनकी कीमतों को तय करने में एक प्रमुख कारक है।

# एमसीयू में साइबर और एआई पर एक वर्षीय कोर्स शुरू होंगे

### एक साल का स्नोतकोत्तर पाठ्यक्रम शुरू करने की मंजूरी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में विश्वविद्यालय महापरिषद की बैठक ली। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा है कि माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय 'एमसीयू' में वर्तमान आवश्यकताओं के अनुसार साइबर और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर केंद्रित पाठ्यक्रम आरंभ किए जाएं। साथ ही विश्वविद्यालय, मीडिया के क्षेत्र में एडवांस्ड रिसर्च इंस्टीट्यूट के रूप में अपनी पहचान बनाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्य शासन द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं के संप्रेषण और उनकी प्रभावशीलता के सर्वेक्षण संबंधी गतिविधियां भी विश्वविद्यालय में आरंभ करने की आवश्यकता बताई। बैठक में उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार, इंदौर सांसद शंकर लालवानी, विश्वविद्यालय के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी, अपर मुख्य सचिव वित्त मनीष रस्तोगी, सचिव एवं आयुक्त जनसंपर्क डॉ. सुदाम खाड़े सहित महापरिषद के सदस्यगण उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय के रीवा और खंडवा परिसरों में रोजगार परक पाठ्यक्रम संचालित करने संबंधी कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। बैठक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत एक वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम आरंभ करने को स्वीकृति प्रदान की गई। स्वीकृति के बाद एम.ए. (जर्नलिज्म एंड क्रिएटिव एंड राइटिंग), एम.ए. (मास कम्युनिकेशन), एम.ए.( एडवरटाइजिंग एंड पब्लिक रिलेशंस), एम.एससी (इलेक्ट्रॉनिक मीडिया) और एम.एसी.ए. के एक वर्षीय पाठ्यक्रम विश्वविद्यालय द्वारा संचालित किए जाएंगे। बैठक में विश्वविद्यालय के पी.एचडी. अधिनियम को यू.जी.सी. पीएचडी अधिनियम 2022 के अनुसार अद्यतन कर इस आधार पर पी. एचडी पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रक्रिया आरंभ करने की स्वीकृति भी प्रदान की गई।

## 70 करोड़ की MD ड्रग्स में रफीक खान गिरफ्तार, अब तक 45 आरोपी पकड़ाए

**इंदौर। क्राइम ब्रांच इंदौर को बड़ी सफलता हाथ लगी है। 70 करोड़ रुपये के एमडी ड्रग्स तस्करी मामले में फरार चल रहे 4 हजार रुपये के इनामी आरोपी को अजमेर जेल से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की पहचान रफीक खान (उम्र 41 वर्ष), निवासी अखेपुर, प्रतापगढ़ (राजस्थान) के रूप में हुई है। वह थाना अपराध शाखा, जिला इंदौर में दर्ज अपराध क्रमांक 01/21 के तहत वांछित था।**



### NDPS एक्ट और IPC की कई धाराओं में था मामला दर्ज

रफीक खान पर एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/22, 8/25, 8/29 सहित आईपीसी की धारा 420, 465, 120बी और 201 के तहत मामला दर्ज था। जानकारी के अनुसार वह घटना के दिन से ही फरार था। बाद में पता चला कि वह प्रतापगढ़ जिले के किसी अन्य एनडीपीएस मामले में अजमेर जेल में बंद है। सूचना मिलने के बाद क्राइम ब्रांच की टीम ने प्रोडक्शन वारंट के जरिए उसे इंदौर जिला न्यायालय में पेश किया और पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ शुरू की गई है।

# 3 साल की बच्ची को संथारा दिलाने पर हाईकोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब, माता पिता सहित 10 को नोटिस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। तीन साल की बच्ची को संथारा दिलाए जाने के खिलाफ दायर याचिका पर मंगलवार को हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान मुख्य सचिव, डीजीपी, प्रमुख सचिव विधि विभाग, मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष और बच्ची के माता-पिता को अगली सुनवाई से पहले जवाब पेश करने के लिए कहा है। दरअसल, पिछली सुनवाई पर हाई कोर्ट ने बच्ची के माता-पिता को भी पक्षकार बनाने के निर्देश दिए थे। वहीं संथारा को लेकर जो प्रमाण पत्र जारी किया गया, उसके संबंध में भी जानकारी देने के निर्देश याचिकाकर्ता को दिए थे।

### बच्ची दिमागी बीमारी से गंभीर रूप से पीड़ित थी

मामले में याचिकाकर्ता प्रांशु जैन ने अपने एडवोकेट शुभम शर्मा के माध्यम से हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर की। याचिका में नाबालिग बच्चों और मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति को संथारा दिलाए जाने पर रोक लगाने की मांग की गई है। याचिका में उल्लेख किया है कि मानसिक रूप से कमजोर और नाबालिग बच्चों के साथ इस तरह का व्यवहार नहीं किया जा सकता। बच्चों के साथ इस तरह की प्रथा बंद किए जाने की मांग याचिका में की गई है। हालांकि जिस बच्ची को संथारा दिलाया गया था वह दिमागी बीमारी से गंभीर रूप से पीड़ित थी। मंगलवार को याचिकाकर्ता ने नोटिस जारी करने की जानकारी दी। जस्टिस विवेक रूसिया और जस्टिस बिनोद कुमार द्विवेदी की डबल बेंच ने इन सभी 10 प्रतिवादीगण को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।



### यह है मामला

मामला 21 मार्च का है। बच्ची वियाना ब्रेन ट्यूमर से पीड़ित थी। उसे माता-पिता इंदौर में एक आध्यात्मिक संकल्प अभिग्रहधारी महाराज के पास दर्शन करने ले गए। महाराज ने बालिका की दूसरे दिन मृत्यु की भविष्यवाणी की थी। साथ ही उसे संथारा दिलाने के लिए कहा था। इस पर माता-पिता ने उसे संथारा दिलाया था। 'गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड' में इसे सबसे कम उम्र में संथारा का रिकॉर्ड बताते हुए उन्हें सर्टिफिकेट जारी किया था।

# रेलवे अंडर ब्रिज का निर्माण कार्य तत्काल चालू करें: मंत्री श्री सिलावट

## रेलवे, नगर निगम, ट्रैफिक पुलिस आदि विभाग समन्वय के साथ कार्य करें: मंत्री श्री सिलावट

### जल संसाधन मंत्री सिलावट की अध्यक्षता में सिंगापुर टाउनशिप रेलवे अंडर ब्रिज को लेकर बैठक आयोजित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट की अध्यक्षता में सिंगापुर टाउनशिप रेलवे अंडर ब्रिज को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर रोशन राय, नगर निगम के अपर आयुक्त अभिलाष मिश्रा, अभय राजगांवकर, अधीक्षण यंत्री डीआर लोधी, विजय नगर एसीपी आदित्य पटले, अनुविभागीय अधिकारी सांवेर घनश्याम धनगर, अनुविभागीय अधिकारी जूनी इंदौर के प्रदीप सोनी, एसीपी ट्राफिक मनोज खत्री, लसूड़िया थाना प्रभारी तारेश कुमार सोनी सहित रेलवे, नगर निगम, ट्रैफिक पुलिस एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।**



बैठक में जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट ने रेलवे अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सिंगापुर टाउनशिप के पास स्थित रेलवे अंडर ब्रिज के पास ट्रैफिक समस्याएं आ रही है, इसे देखते हुए समीप बन रहे नवीन अंडर पास के निर्माण कार्य को तत्काल चालू करें। यह निर्माण कार्य वर्ष 2018 से बन रहा, किन्तु अभी तक तैयार नहीं होने पर रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी से दूरभाष पर चर्चा कर इस कार्य को तुरंत चालू करने के निर्देश दिए। जिस पर रेलवे अधिकारी ने उक्त कार्य को तुरंत चालू करने का आश्वासन दिया। मंत्री श्री सिलावट ने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी मौके पर जाकर देखे और सतत मॉनिटरिंग करें, ताकि बारिश के मौसम में स्थानीय नागरिकों और वाहन चालकों को किसी तरह की परेशानी नहीं हो। रेलवे, नगर निगम, ट्रैफिक पुलिस आदि विभाग समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि नागरिकों को परेशानियां न उठाना पड़े। मंत्री श्री सिलावट ने रेलवे अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बारिश के मौसम में यातायात बाधित होना स्वाभाविक है, क्योंकि कीचड़ और जल-भराव की आशंका बनी रहती है, इसलिए सिंगापुर टाउनशिप रेलवे अंडर ब्रिज पर यातायात बाधित न हो, इस पर ध्यान देना जरूरी है।

मंत्री श्री सिलावट ने रेलवे अधिकारियों को कहा कि सिंगापुर टाउनशिप पास के नवीन निर्माणाधीन रेलवे अंडर ब्रिज के बंद निर्माण कार्य को पुनः चालू कर बाउंड्रीवाल का निर्माण किया जाये। इस निर्माण में लगने वाले समय को भी बताया जाये, ताकि जो निर्माण कार्य है, वह हो सकें। साथ ही रेत डंपर, बड़े डीजल-पेट्रोल चलित बड़े टैंकर, क्रेन, जेसीबी, बड़े आयशर गाड़ियां, छोटे ट्रक को रोकने के लिए आरपीएफ पुलिस की व्यवस्था की जाये। मंत्री श्री सिलावट ने अपर कलेक्टर सहित अनुविभागीय अधिकारी और ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि रेत डंपर, क्रेन, टैंकर, स्कूल बसें एवं चार पहिया वाहनों के आवागमन से अंडर ब्रिज पर सुबह 6 बजे से सुबह 8 बजे एवं दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक यातायात बाधित हो जाता है। इस वजह से स्थानीय नागरिकों एवं स्कूली बच्चों को परेशानी होती है। इस कार्य के निराकरण के लिए स्थानीय थाने से पुलिस व्यवस्था की जाये। इसके अलावा सिंगापुर टाउनशिप जंक्शन से रेलवे अंडर ब्रिज तक का मार्ग संकरा होने के कारण भारी वाहनों से बार-बार यातायात बाधित होता है, इसलिए ऐसे वाहनों को प्रतिबंधित किया जाये। मंत्री श्री सिलावट ने नगर निग कैलोद हाला ब्रिज के ब्रिज नम्बर 50 के पास से जेसीबी शोरूम तक बड़े-बड़े गड्ढों का भराव का कार्य किया जाये। सिंगापुर टाउनशिप के पास रेलवे अंडर ब्रिज पर ट्रैफिक व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठायें जायें।

## मंच के बजाए नीचे कुर्सी पर बैठे रणदिवे, गौड़ और सोनकर



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** इंदौर में भाजपा की राजनीति में दूसरी पंक्ति के नेता भी प्रदेश हाईकमान के सामने एकजुटता के संकेत दे रहे है। बुधवार को भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष पहली बार इंदौर आए। उनके स्वागत में वैसे तो कई विधायकों व भाजपा पदाधिकारियों ने स्वागत मंच व बैनर पोस्टर लगाए, लेकिन कुछ पोस्टरों में तीन नेता एक साथ थे। उनके पोस्टरों में स्थानीय विधायक में सिर्फ मनोज पटेल व भाजपा के प्रदेश नेतागणों की फोटो थी। इसके अलावा इंदौर के स्थानीय विधायक, मंत्री से नदारद रहे। पूरे यात्रा मार्ग पर 30 से ज्यादा पोस्टर इस तरह के नजर आए। इन होर्डिंग, पोस्टर में भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष गौरव रणदिवे, विधायक मालिनी गौड़ के बेटे एकलव्य गौड़ और सावन सोनकर के फोटो है। यह तिकड़ी भाजपा प्रदेशाध्यक्ष की रैली में भी एक साथ चलते नजर आई। सावन सोनकर को पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मप्र राज्य सहकारी अनुसूचित जाति वित्त व विकास निगम का अध्यक्ष बनाया है। उन्हे कैबिनेट मंत्री का दर्जा है। पद के अनुसार वे भाजपा सम्मेलन में मंच पर अपेक्षित थे, लेकिन वे मंच के ठीक सामने कुर्सी पर बैठे थे। उसके साथ गौरव रणदिवे और एकलव्य गौड़ भी बैठे नजर आए। गौरव पहले मंत्री विजयवर्गीय गुट से जुड़े थे, लेकिन नगर अध्यक्ष बनने के बाद दोनों के बीच दूरी हो गई। गौरव की निकटता बाद में आईडीए के पूर्व अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा से बढ़ी थी। एकलव्य गौड़ हिंद रक्षक संगठन चलाते है और हिन्दू समाज से जुड़े मुद्दे प्रमुखता से उठाते है।

### हाईकोर्ट की इंदौर बेंच ने 2 साल पुराने आदेश का दिया हवाला

# किसी भी सार्वजनिक स्थानों पर नई प्रतिमाएं नहीं लगाई जाएं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। हाईकोर्ट की इंदौर डिवीजन बेंच में सोमवार को सार्वजनिक स्थान पर प्रतिमाएं लगाए जाने के खिलाफ लगी जनहित याचिका पर सुनवाई हुई।**

कोर्ट ने प्रमुख सचिव को आदेशित किया है कि वह सभी नगर पालिकाओं, नगर परिषदों में इसका सख्ती पालन करवाएं। किसी भी सार्वजनिक स्थानों पर नई प्रतिमाएं नहीं लगाई जाएं। दरअसल, जनवरी 2024 में उज्जैन के माकडोन में मूर्ति लगाने को लेकर उपद्रव हुआ था। वहां पाटीदार समाज



के लोगों ने बिना किसी अनुमति से सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा स्थापित कर दी थी। इसके विरोध में अनुसूचित जाति और भीम आर्मी के लोगों ने प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया था। उनका कहना था कि हम यहां डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा लगाएंगे। इसके बाद वहां 4-5 एफआईआर दर्ज हुई थी। फिर अलग-अलग समाजों के लोगों ने वहां नगर परिषद को ज्ञापन सौंपे थे। इसमें ब्राह्मण समाज के लोगों ने परशुराम की प्रतिमा लगाने, गुर्जर समाज के लोगों ने देवनारायण की प्रतिमा सहित अनेक समाजों ने अपनी-अपनी मांगों के साथ प्रतिमा लगवाने के लिए आवेदन देकर मांग की थी। तब वहां नगर परिषद इसे प्रोसेडिंग में लेकर सभी समाजों को आश्वासन दे रही थी। इसमें अलग-अलग चौराहों का हवाला दिया जा रहा था। इसके खिलाफ उज्जैन के माकडोन निवासी किसान राजेश ने पिछले साल एक जनहित याचिका दायर की थी। खास बात यह कि इसके पूर्व 2023 में ऐसे ही एक जनहित याचिका में प्रिंसिपल बेंच जबलपुर स्पष्ट कर चुकी है कि इस तरह की किसी भी नई प्रतिमा को नहीं लगाया जाएं। पूर्व से जो प्रतिमाएं लगी हैं उनके लगे रहने दिया जाए लेकिन नई प्रतिमा नहीं लगाएं। बताया गया था कि इससे ट्रैफिक बाधित होता है और विवाद की स्थिति उत्पन्न होती है। इन्हीं बिंदुओं के आधार पर यह जनहित याचिका लगाई गई थी।

### दो दिन में दो मीडिया कर्मियों ने की खुदकुशी

# इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार ने किया सुसाइड

## पत्नी से विवाद के चलते तनाव में थे, मनाया, पर नहीं मानी तो फांसी लगा ली

**इंदौर। गांधी नगर क्षेत्र स्थित समर्थ सिटी में रहने वाले 35 वर्षीय सीनियर पत्रकार विकास सोलंकी ने सोमवार देर रात अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। वे एक इलेक्ट्रॉनिक मीडिया चैनल में सीनियर रिपोर्टर के पद पर कार्यरत थे। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को जिला अस्पताल भिजवाया।**

गांधी नगर पुलिस के अनुसार, विकास सोलंकी पुत्र राजेन्द्र सोलंकी ने अपने ही घर में पंखे से फांसी लगाकर



आत्महत्या कर ली। देर रात परिजनों ने उन्हें फंदे पर लटका देखा, जिसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि विकास घरेलू तनाव से जूझ रहे थे। पत्नी से विवाद चल रहा था और कुछ समय पहले पत्नी घर छोड़कर चली गई थी। परिजनों और दोस्तों के मुताबिक, सोमवार शाम को विकास ने पत्नी से संपर्क कर उसे मनाने की कोशिश की थी। बाद में वे काम खत्म कर घर लौटे और कुछ देर परिजनों से बातचीत के बाद अपने कमरे में चले गए। रात को जब वह काफी देर तक बाहर नहीं निकले तो परिजनों ने दरवाजा खोला और उन्हें फंदे पर लटका पाया। विकास के परिवार में तीन बेटियां हैं। पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है और परिजनों से पूछताछ भी की जाएगी। बता दें दो दिन पहले समाजवाद नगर निवासी अमित बोडाने (32) ने अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी थी। वे एक मीडिया संस्थान में कंप्यूटर ऑपरेटर के तौर पर कार्यरत थे। जानकारी के मुताबिक, अमित लंबे समय से पारिवारिक विवादों और मानसिक तनाव से जूझ रहे थे, जिससे वे डिप्रेशन में चले गए थे।

## अत्याधुनिक तकनीक से चोरल और यशवंत सागर तालाबों में होगा मत्स्य पालन

### ◆ मत्स्य पालकों से आवेदन बुलाये गये

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** इंदौर के चोरल और यशवंत सागर तालाबों में अत्याधुनिक तकनीक केज कल्चर (cage Culture) के माध्यम से मत्स्य पालन किया जायेगा। इसके लिए इच्छुक मत्स्य पालकों से आवेदन बुलाये गये है। मत्स्य पालन के माध्यम रोजगार को बढ़ावा देने के लिए कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देशन में यह अभिनव पहल की जा रही है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन ने बताया कि मत्स्य पालन के लिए केज कल्चर (cage Culture) अत्याधुनिक पद्धति है। इसमें रोजगार की भी अपार संभावनाएं है। उन्होंने बताया कि इसको दृष्टिगत रखते हुए जिले के मत्स्य पालकों को केज कल्चर से मत्स्य पालन के लिए चोरल और यशवंत सागर तालाब का जल क्षेत्र देने का निर्णय लिया गया है। इच्छुक मत्स्य पालक अपना आवेदन मत्स्य पालन विभाग में प्रस्तुत कर सकते हैं। अधिक जानकारी हेतु मत्स्य पालन विभाग के मछली फार्म खंडवा रोड़ के कार्यालय पर संपर्क किया जा सकता है। इच्छुक मत्स्य पालक उक्त तालाबों के जल क्षेत्र में स्वयं के व्यय पर केज का निर्माण कर मत्स्य पालन निर्धारित गाइडलाइन के अनुरूप कर सकते हैं।

कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने जनसुनवाई में दिये निर्देश

# देवी अहिल्या श्रमिक कामगार गृह निर्माण सहकारी संस्था की वरियता सूची करें जल्द फाइनल

## आमजन से रूबरू होकर उनकी सुनी समस्याएं- किया उनका निराकरण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने निर्देश दिये है कि देवी अहिल्या श्रमिक कामगार गृह निर्माण सहकारी संस्था के सदस्यों की पात्रता और अपात्रता का निर्धारण कर वरियता सूची जल्द फाइनल की जाये। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने निर्देशित किया है कि इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देकर पूर्ण करें। कलेक्टर श्री सिंह से आज उक्त संस्था से संबंधित सदस्य जनसुनवाई में मिले थे और अपनी समस्या बताई तथा जल्द से जल्द संस्था की वरियता सूची प्रकाशित करवाने का आग्रह किया।

कलेक्टर कार्यालय में आज जनसुनवाई सम्पन्न हुई। इसमें भूमि और प्लॉट संबंधी आवेदन भी बड़ी संख्या में आये। कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि भू-माफियाओं के विरूद्ध इंदौर में लगातार कार्यवाही की जा रही है। अनियमितताएं और प्लॉट धारकों के साथ धोखाधड़ी करने वालों को बख्शा नहीं जायेगा। उन्होंने अनेक मामलों में दूरभाष पर संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर कार्यवाही के निर्देश दिये। जनसुनवाई में उन्होंने नागरिकों से रूबरू होकर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनका संवेदनशीलता के साथ हाथों-हाथ निराकरण किया। ऐसी समस्याएं जो मौके पर निराकृत नहीं हो सकी, उनके निराकरण के लिए समय-सीमा तय की गई।



जनसुनवाई में आवास, संपत्ति, पारिवारिक विवाद, चेक बाउंस, निजी भूमि पर अतिक्रमण, बीमार व्यक्ति को आर्थिक सहायता आदि संबंध में आवेदन आयें। जनसुनवाई में प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण किया। शेष प्रकरणों को तय समय-सीमा में निराकृत करने हेतु निर्देशित किया गया। इसके साथ ही जरूरतमंदों को इलाज, शिक्षा एवं रोजगार सहायता भी प्रदान की गई। निर्देश दिए गये कि जो प्रकरण मौके पर निराकृत नहीं हो सकते, उन्हें सीएम हेल्पलाइन में दर्ज कर, समय-सीमा में सकारात्मक समाधान किया जाए। जनसुनवाई में आए हर आवेदन का फॉलोअप सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि किसी भी आवेदक को दोबारा परेशानी का सामना न करना पड़े। त्वरित निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों एवं मध्यस्थता केंद्रों को प्रेषित किए गए है ताकि निर्धारित समय-सीमा में इनका निराकरण हो सकें। जनसुनवाई में आज कलेक्टर कार्यालय में अपर कलेक्टरों और अन्य विभागीय अधिकारियों द्वारा आवेदकों की समस्याओं को सुना गया और उनका निराकरण किया गया।

## क्रिकेटर रजत पाटीदार ने रणजीत बाबा का पूरे विधि-विधान से किया पूजन-अर्चन



**इंदौर। आरसीबी की कप्तानी करने वाले क्रिकेटर रजत पाटीदार मंगलवार को रणजीत हनुमान मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने रणजीत बाबा का आशीर्वाद लिया और उनका पूजन किया। इसके साथ ही उन्होंने ध्वजा भी अर्पित की।**

मंदिर के पुजारी पं.संजय व्यास ने बताया कि रजत पाटीदार सपत्नीक रणजीत बाबा के दर्शन के लिए मंगलवार को सुबह के समय आए थे। मंदिर में उन्होंने रणजीत बाबा का पूजन अर्चन किया। पं.व्यास ने भगवान का पूजन करवाया। इस दौरान उसके साथी भी यहां मौजूद रहे। रजत पाटीदार को मंगलकामनाओं के साथ आशीर्वाद दिया गया।उन्होंने बताया कि रजत पाटीदार से वैसी बातचीत नहीं हुई है। बस वे बाबा का आशीर्वाद लेने के लिए आए थे। उन्होंने भगवान की पूजा की दर्शन कर बाबा का आशीर्वाद लिया। हमने भी मंगलकामना की है कि उनका नाम रोशन हो वे भी आगे बढ़ते रहे और इंदौर का नाम भी रोशन हो।

पं.व्यास ने बताया कि दर्शन लाभ लेने के बाद उन्होंने बाबा को ध्वजा भी अर्पित की, वे सपत्नीक बाबा का आशीर्वाद लेने आए थे। रजत पाटीदार करीब 20 से 25 मिनट मंदिर में रुके। इस दौरान कई लोगों ने उनकी मोबाइल पर फोटो भी ली। पं.व्यास ने बताया कि पूरे विधि-विधान के साथ पूजन करवाया गया है। हमने भी यहीं कामना की है कि इंदौर से आगे भी खिलाड़ी निकले और इंदौर का नाम को रोशन करें। बता दे कि हालही में इंदौर के रजत पाटीदार की कप्तानी में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु (आरसीबी) ने आईपीएल की ट्रॉफी जीती थी। 17 साल से आईपीएल में आरसीबी ने कई कप्तान बदले पर रजत इस टीम के लिए लकी चार्म साबित हुए थे।

कई दिनों से परेशान हो रहा था युवक

# एक घंटे में बन गया मृत्यु प्रमाण-पत्र

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। नगर निगम की मंगलवार को जनसुनवाई हुई। अलग-अलग शिकायतों को लेकर यहां आवेदक पहुंचे। नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा को आवेदकों ने अपनी समस्याएं बताईं। जनसुनवाई में 45 से ज्यादा आवेदन आए। एक युवक अपने बड़े भाई के मृत्यु प्रमाणपत्र के लिए आया था। उसने निगमायुक्त को अपनी समस्या बताई, तो आयुक्त के निर्देश पर मात्र एक घंटे में उसके भाई का मृत्यु प्रमाणपत्र उसे दे दिया गया।**

नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा ने बताया कि जनसुनवाई में पड़ोसियों द्वारा एक-दूसरे के अवैध निर्माण की शिकायतें सबसे ज्यादा मिली हैं। हम समझाइश देकर अवैध हिस्से को हटवा देते हैं। इन शिकायतों पर कार्रवाई की जा रही है। इसके अलावा कॉलोनी संबंधी, स्थापना संबंधी विषयों की भी शिकायतें मिली हैं। अमलतास परिसर में आवंटित मकानों को किरायेदारों को दिए जाने की शिकायत भी प्राप्त हुई है, जिसे दिखवाया जा रहा है। साथ ही मृत्यु प्रमाण पत्र और अनुकंपा नियुक्ति संबंधी मामलों पर भी तत्काल कार्रवाई की जा रही है। नगर निगम की जनसुनवाई में एक युवक अपने बड़े भाई के मृत्यु प्रमाण की शिकायत लेकर पहुंचा था। युवक ने बताया कि भाई के मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए एमवाय अस्पताल और नगर निगम के चक्कर लगा रहा था, लेकिन उसे प्रमाण पत्र नहीं मिल रहा था। जनसुनवाई के बारे में पता चला तो यहां आया, यहां भी किसी ने बोला कि आपका काम नहीं हो पाएगा, लेकिन मुझे लगा कि एक बार निगमायुक्त से मिलना चाहिए। जब मिला और उन्हें बताया तो मेरा काम 1 घंटे में हो गया। भाई के मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए 8-10 दिनों से परेशान हो रहा था। वह काम एक घंटे में हो गया।



जल भराव से निपटने की तैयारी

## अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ की वर्कशॉप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मंगलवार को नगर निगम आयुक्त ने निगम के अलग-अलग विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ वर्कशॉप की। इसमें आपदा, जलभराव के दौरान स्थिति से निपटने को लेकर उनसे चर्चा की गई और जरूरी दिशा-निर्देश दिए। इसे लेकर सोमवार को भी एक वर्कशॉप आयोजित की गई थी।**

नगर निगम आयुक्त ने कहा कि आपदा को लेकर बैठक हुई थी। निगम के जोनों पर जहां पर जलभराव की स्थिति बनती है वहां पर कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी गई है। उसके लिए ही एक वर्कशॉप आयोजित की गई है। ये कर्मचारी अपने-अपने जोनों में नजर रखेंगे और जलभराव की स्थिति का निराकरण करेंगे। पूरे उपकरणों के साथ हमारे कर्मचारी वहां जाएंगे और काम करेंगे, ताकि जल भराव की स्थिति का निराकरण हो सकेगा। इसलिए ये वर्कशॉप आयोजित की गई है। साथ ही साथ निगम मुख्यालय पर चार टीम भी तैनात रहेगी। उनमें इंजीनियर्स, जेसीबी चलाने वाले लोग, क्विक रिस्पांस टीम रहेगी। उनकी भी ब्रिफिंग की गई है। उनके पाइंट भी लिए है। उनको पूरी ट्रेनिंग दी गई है। आयुक्त ने कहा कि दिन में तो हमारी टीम अलर्ट रहती है। रात के टाइम वरिष्ठ लेवल पर बेहतर मॉनिटरिंग हो इसके लिए नाइट मॉनिटर भी हम तैनात करेंगे, जो कंट्रोल रूम पर बैठेंगे। नगर निगम की जो भी आपातकालीन व्यवस्था है उसको मॉनिटर करेंगे और कोआर्डिनेट करेंगे, ताकि कभी आपातकालीन स्थिति बनती है तो नगर निगम बेहतर तरीके से रिस्पान्स कर सके। निगमायुक्त ने कहा कि आपातकाल में गलती की कोई गुंजाइश नहीं रहती है। नगर निगम की टीम बहुत मेहनत से काम करती है, लेकिन गड़बड़ी होने पर सख्त कार्रवाई भी की जाएगी।

## अपर मुख्य सचिव श्री संजय दुबे ने की विभागीय योजनाओं की समीक्षा

**इंदौर।** नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री संजय दुबे ने सोमवार को कार्यभार ग्रहण करने के बाद भोपाल के पालिका भवन स्थित संचालनालय में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर योजनाओं की समीक्षा की। इस मौके पर अपर मुख्य सचिव श्री संजय शुक्ला भी उपस्थित थे। अपर मुख्य सचिव श्री दुबे ने इंदौर के ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर 11 जुलाई को होने वाले एमपी ग्रोथ कॉन्क्लेव की तैयारियों की जानकारी ली। प्रदेश के शहरी क्षेत्र के विकास में यह कॉन्क्लेव बहुत महत्वपूर्ण है। आयुक्त नगरीय प्रशासन श्री संकेत भोंडवे ने विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। अपर मुख्य सचिव श्री दुबे ने निर्देश दिए कि नगरीय विकास एवं आवास विभाग से संबंधित कार्यों की नियमित समीक्षा की जाएगी। योजनाओं में प्रगति लाने के लिये प्रत्येक सोमवार को विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों से योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं समयबद्ध कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिये। बैठक में विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

# ऑटो ड्राइवर लड़ रहा मप्र युवक कांग्रेस अध्यक्ष का चुनाव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश में युवा कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव चल रहे हैं। 20 जून से शुरू हुई मेंबरशिप और वोटिंग प्रक्रिया 19 जुलाई को खत्म होगी। इस दौरान युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश महासचिव से लेकर जिला अध्यक्ष और विधानसभा अध्यक्ष चुने जाएंगे। राज्य में पहली बार यूथ कांग्रेस के चुनाव ऑनलाइन मोड पर हो रहे हैं। मोबाइल एप से मेंबर बनाकर वोटिंग कराई जा रही है। सदस्यता के लिए 50 रुपए फीस तय की गई है। सोमवार तक 7 लाख 54 हजार सदस्य बनाए जा चुके हैं। प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए 19 उम्मीदवार मैदान में हैं। इनमें सतना के दिव्यांग लोडिंग ऑटो ड्राइवर विनय पांडे भी शामिल हैं। अन्य प्रत्याशियों में यश घनघोरिया, देवेन्द्र सिंह दादू, अभिषेक परमार, जावेद पटेल, नीरज पटेल, प्रमोद सिंह, विश्वजीत सिंह चौहान, राजवीर कुडिया, प्रियेश चौकडे, अब्दुल करीम कुरैशी, आशीष चौबे, शिवराज यादव, राजीव सिंह के नाम हैं। यूथ कांग्रेस की पांच महिला कार्यकर्ता भी प्रदेश अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ रही हैं। इनके नाम योगिता सिंह, गीता कड़वे, शुभांगना राजे जामनिया, स्वीटी पाटिल और मोनिका मांडरे हैं। 19 उम्मीदवारों में से एसटी वर्ग से दो, ओबीसी के 4, एससी के 3 जबकि सामान्य वर्ग के 6 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं।

## न्याय सत्याग्रह में दिया विवादित बयान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**अशोकनगर, एजेंसी।** मध्यप्रदेश कांग्रेस ने मंगलवार को अशोकनगर में न्याय सत्याग्रह किया। प्रदेशभर से नेता और कार्यकर्ता यहां पार्टी अध्यक्ष जीतू पटवारी पर दर्ज एफआईआर के विरोध में गिरफ्तारी देने पहुंचे। इसी बीच ग्वालियर ग्रामीण कांग्रेस विधायक साहब सिंह गुर्जर ने मंच से विवादास्पद बयान दिया। गुर्जर ने कहा- जो मर्द थे वे जंग में आए, जो हिजड़े थे, वे संघ में गए। समझ गए न, इशारा ही काफी है। कार्यक्रम में आ रहे विधायकों और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के काफिले को पुलिस ने जगह-जगह चेकिंग के लिए रोका। पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने कहा कि हमें रोकने के लिए 8 जिलों की पुलिस बुलाई गई। पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने कहा कि कार्यकर्ता का जहां पसीना गिरेगा, वहां मेरा, कांग्रेस के नेताओं के खून की अंतिम बूंद भरी गिरेगी।

## व्यंजनों का एम्बेसडर है इन्दौर का पोहा

# लाड़ली बहनों को दी जाने वाली राशि में होगी वृद्धि

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एम.पी. तक बैठक संवाद कार्यक्रम में विचार व्यक्त किए

◆ हुकुमचंद मिल के समान, ग्वालियर-रतलाम के मिल मजदूरों को भी दिलाया जाएगा उनका हक : मुख्यमंत्री डॉ. यादव



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में राज्य सरकार सभी वर्गों के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। औद्योगिकीकरण को बढ़ावा देकर युवाओं के लिए स्व-रोजगार के अवसर पैदा किए जा रहे हैं। सरकार लाड़ली बहना की राशि बढ़ा रही है। टेक्सटाइल पार्क में काम करने वाली लाड़ली बहनों को 5000 रुपए अलग से दिलाएंगे। लाड़ली बहना योजना की राशि क्रमबद्ध रूप से बढ़ाकर 3000 रुपए की जाएगी। एमपीपीएससी की तीन साल की परीक्षा एक साथ कराने का आदेश दिया गया है। युवाओं का कोई अहित नहीं होने देंगे। एक लाख शासकीय पदों पर भर्तियां हो रही हैं। प्रदेश सरकार ने नौ साल से अटकी पदोन्नति का रास्ता साफ किया है। इससे 2 लाख नए पदों के लिए भर्ती की संभावना बनेगी। आजादी के बाद लम्बे समय तक गेहूँ का मूल्य 600 रुपए था, अब सरकार किसानों से 2600 रुपए प्रति क्विंटल गेहूं खरीद रही है। नदी जोड़ो परियोजनाओं के फलस्वरूप प्रदेश में सिंचाई का रकबा बढ़ रहा है। राज्य सरकार ने इंदौर में हुकुमचंद मिल के मजदूरों को 300 करोड़ रुपए दिलवाये, जिससे 30 साल पुराना विवाद खत्म हुआ। रतलाम की सज्जन मिल और ग्वालियर की मिल के लिए भी इसी तरह के प्रयास जारी हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंडिया टुडे मीडिया समूह द्वारा भोपाल के एक निजी होटल में आयोजित 'एम. पी. तक बैठक' संवाद कार्यक्रम में यह बात कही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि धार्मिक नगरी उज्जैन के विकास के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। सिंहस्थ-2028 के लिए तैयारियां जारी हैं। इस आयोजन में सारे रिकॉर्ड टूटेंगे। क्षिप्रा नदी को 12 मासी जीवंत रखने के लिए कान्ह नदी परियोजना पर कार्य जारी है। गंभीर नदी को भी इसमें शामिल किया जा रहा है। क्षिप्रा के जल से श्रद्धालुओं और किसानों को लाभ मिलेगा। प्रदेश सरकार मेट्रोपॉलिटन विकास को गति प्रदान करने के लिए एक साल के अंदर बिल लेकर आएगी। मध्यप्रदेश पर्यटन निगम लाभ में रहने वाला देश का एकमात्र टूरिज्म बोर्ड है। इसमें हमारे द्वारा बनाए गए कॉस्ट इफेक्टिव विज्ञापनों की अहम भूमिका रही है। राज्य सरकार ने पर्यटन को वाइल्ड लाइफ से जोड़ा है। मध्यप्रदेश टाइगर, चीता, घड़ियाल और गिद्ध की संख्या में नंबर-एक पर है। उन्होंने कहा कि इंदौर का पोहा व्यंजनों का एम्बेसडर बन सकता है। भाप पर बने पोहे में तेल कम इस्तेमाल होता है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने भी सभी से अपने खाने में तेल की 10 प्रतिशत खपत कम करने का आहवान किया हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अंबेडकर जी ने जातियों के विवाद खत्म करके देश को एकजुट करने का कार्य किया। हमारी सरकार ने डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के 5 स्मारक बनवाए। अब जाति जनगणना शुरू होगी, तो कई प्रकार के भ्रम दूर हो जाएंगे। जातिगत जनगणना के आंकड़ों के आधार पर आरक्षण तय करेंगे। राज्य सरकार ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए कटिबद्ध है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य में जनकल्याण और विकास की गतिविधियों के क्रियान्वयन में प्रदेशवासियों का हरसंभव सहयोग और समर्थन निरंतर प्राप्त हो रहा है।

# महिला टीआई ने थाने में फिल्मी गाने पर बनाई रील

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रीवा, एजेंसी। रेंज के डीआईजी राजेश सिंह ने पुलिसकर्मियों के रील बनाने पर सख्ती दिखाई है। उन्होंने संभाग के 6 जिलों रीवा, सीधी, सतना, मैहर, सिंगरौली और मऊगंज में पदस्थ पुलिसकर्मियों को ऐसा नहीं करने की हिदायत दी है।**

शनिवार को सगरा थाना प्रभारी अंकिता मिश्रा की अभिनेत्री माधुरी दीक्षित के रोमांटिक गाने पर थाने के अंदर बनाई रील सामने आई थी। यह सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुई। लोगों ने थाना प्रभारी को सोशल मीडिया पर ट्रोल करना शुरू कर दिया। कुछ ने तो यहां तक लिखा कि आपको पुलिस



विभाग नहीं, बल्कि मुंबई में होना चाहिए। 2.16 अप्रैल 2025 को सिटी कोतवाली थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक संध्या वर्मा के वीडियो जमकर वायरल हुए थे। जहां प्रधान आरक्षक ने ड्यूटी टाइम में कई फिल्मी और रोमांटिक गानों पर वर्दी में रील बनाई और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर पोस्ट की थी। जिसके बाद सभी वीडियो बैक टू बैक जमकर वायरल हो गए और पुलिस विभाग की जमकर किरकरी हो गई। इस पर इन्हें एसपी विवेक सिंह ने नोटिस जारी किया था। हाल ही में कई पुलिसकर्मियों ने रील बनाकर उन्हें सोशल मीडिया पर अपलोड किया। जिस पर लोगों ने कई तरह के कमेंट्स किए है। जिसकी वजह से पुलिस विभाग की किरकिरी हुई है। जिसके बाद सोमवार को डीआईजी ने अपने अधीनस्थ सभी पुलिसकर्मियों को रील नहीं बनाने को कहा है। साथ ही विभागीय कार्यों के अतिरिक्त अन्य कोई भी ऐसी पोस्ट सोशल मीडिया पर नहीं प्रेषित करने को कहा है, जिससे पुलिस विभाग की गरिमा को क्षति पहुंचे।

## नाले में नहाते वक्त तीन मासूम भाइयों की डूबने से मौत, गांव में पसरा मातम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शहडोल, एजेंसी।** नहाने गए तीन भाइयों की नाले में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई है। घटना जिले के सोहागपुर थाना क्षेत्र के रोहनिया गांव की है। घटना के बाद गांव में मातम पसर गया है। जानकारी लगने के बाद मौके पर थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ पहुंचे और मामले की जांच कर रहे हैं। तीनों भाई स्कूल से आने के बाद नाले में नहाने पहुंचे थे, जिसमें डूबने से तीनों की मौत हो गई है।

जानकारी देते हुए सोहागपुर पुलिस ने बताया की थाना क्षेत्र के रोहनिया के केरहाई टोला में यह घटना मंगलवार शाम 6 बजे घटी है। पुलिस के अनुसार मृतकों में दो सगे भाई एवं एक रिश्ते का एक भाई शामिल है। थाना प्रभारी ने तीनों की मौत की पुष्टि करते हुए बताया कि इस घटना में साहिल पिता ब्रजेश यादव (09), शौर्य पिता ब्रजेश यादव (7), शिवम पिता शिवलाल यादव (10) शामिल हैं। तीनों निवासी ग्राम रोहनिया केरहाई टोला थाना सोहागपुर के रहने वाले थे। पुलिस ने बताया कि तीनों बालक स्कूल से घर वापस लौटे थे, उस दौरान उनके माता-पिता खेत में काम कर रहे थे, जिसका फायदा बच्चों ने उठाया और समीप स्थित स्थानीय नाले में तीनों नहाने चले गए। उस दौरान गांव का ही एक और बच्चा वहां पहले से मौजूद था। ये तीनों जब गहरे पानी में नहा रहे थे, तो पहले से मौजूद बालक ने इन्हें नहाने से मना किया। लेकिन तीनों भाइयों ने उसकी बात नहीं मानी और नहाते-नहाते गहरे पानी में चले गए। इसमें डूबने से तीनों की मौत हो गई है।

## गुरु पूर्णिमा पर सभी भक्त घर पर रहकर ही पूजा करें : धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री

**छतरपुर।** कथा वाचक पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने अपने अनुयायियों से बागेश्वर धाम नहीं आने को कहा है। उन्होंने कहा कि गुरु पूर्णिमा पर सभी भक्त घर पर रहकर ही पूजा करें। छतरपुर के गढ़ा गांव स्थित बागेश्वर धाम में सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात करीब 3 बजे ढाबे की दीवार ढह गई। मलबे में दबने से उत्तर प्रदेश निवासी महिला की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 12 घायल हुए हैं। इनमें 9 लोग उत्तर प्रदेश, एक उत्तराखंड जबकि दो पश्चिम बंगाल के हैं। 4 घायलों को ग्वालियर रेफर किया गया है। महिला की पहचान अनीता देवी खरवार (40) पत्नी राजू के रूप में हुई है। वह उत्तर प्रदेश में मिर्जापुर जिले के अदलहाट गांव की रहने वाली थी। परिजन ने बताया- 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा है। इस मौके पर हम लोग बागेश्वर धाम में दर्शन करने आए हैं।

## संपादकीय

### विमान हादसा : जांच में अभी तक कोई बड़ी तकनीकी खराबी सामने नहीं आई

अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया के विमान हादसा की शुरुआती जांच रिपोर्ट शुक्रवार तक सार्वजनिक हो सकती है। लेकिन, इस बीच सूत्रों के हवाले से खबर है कि जांच दल का ध्यान विमान के फ्यूल कंट्रोल स्विच पर है। 12, जून को एयर इंडिया का विमान एआई-171 अहमदाबाद एयरपोर्ट से उड़ा भरने के कुछ मिनट बाद ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। यह विमान लंदन जा रहा था। टेकऑफ के कुछ देर बाद विमान 650 फीट की ऊंचाई पर पहुंचने के बाद नीचे गिरने लगा। इस हादसे में विमान में सवार 242 लोगों में से 241 की मौत हो गई। जमीन पर भी कुछ लोगों की जान चली गई। रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक जांच दल इस बात पर ध्यान दे रहा है कि इंजन के फ्यूल कंट्रोल स्विच कैसे काम कर रहे थे। उन्होंने बोइंग 787 विमान के फ्लाइट और वॉइस डेटा रिकॉर्डर का विश्लेषण किया है। बोइंग कंपनी ने भी विमान के अंतिम क्षणों का एक सिमुलेशन बनाया है। इससे जांच में मदद मिल रही है। सूत्रों के अनुसार, जांच में अभी तक कोई बड़ी तकनीकी खराबी सामने नहीं आई है। इसलिए, एयरलाइंस को 787 विमानों के संचालन में बदलाव करने की कोई सलाह नहीं दी गई है। बोइंग कंपनी ने इस मामले पर कोई टिप्पणी नहीं की है। 'द एयर करंट' नाम की एक एविएशन इंडस्ट्री की पत्रिका ने सबसे पहले फ्यूल स्विच पर ध्यान केंद्रित करने की बात कही थी। ये स्विच विमान के दोनों इंजनों को पावर देने में मदद करते हैं। जांचकर्ता फ्यूल स्विच से जुड़ी किन खास गतिविधियों को देख रहे हैं, यह अभी स्पष्ट नहीं है। 'द एयर करंट' को सूत्रों ने बताया कि ब्लैक बॉक्स से मिली जानकारी से यह पता नहीं चल पाया है कि विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से पहले थ्रस्ट में कमी आई थी या नहीं। यह भी पता नहीं चल पाया है कि यह कमी किसी गलत, अनजाने या जानबूझकर की गई कार्रवाई का नतीजा थी या नहीं। यूएस के एविएशन सेफ्टी एक्सपर्ट जॉन कॉक्स ने कहा कि पायलट गलती से भी फ्यूल स्विच को नहीं हिला सकता। उन्होंने कहा, 'ये ऐसी चीजें हैं जिन्हें आप धक्का नहीं दे सकते, पर ये हिलती हैं।' कॉक्स ने आगे कहा कि अगर कोई स्विच बंद कर दिया जाता है, तो इसका असर तुरंत होगा और इंजन की पावर कट जाएगी। ज्यादातर विमान हादसे कई कारणों से होते हैं।

अर्ज़ किया है..!

*आदमी जान के खाता है मोहब्बत में फ़रेब*
*ख़ुद-फ़रेबी ही मोहब्बत का सिला हो जैसे*

-इक़बाल अज़ीम

isha



**आपको अपने मन को चलाना चाहिए, ऐसा नहीं होना चाहिए कि आपका मन ही आपको चलाने लगे।**

– जग्गी वासुदेव

## ज्ञान-विज्ञान

# पृथ्वी के बाहर पानी की खोज पूरी!

## वैज्ञानिकों को मिल गया नया 'वॉटर रिच सुपर अर्थ', हमारे ग्रह से दोगुना है साइज



पृथ्वी के अलावा किसी किसी दूसरे ग्रह पर पानी खोजने का वैज्ञानिकों का लंबा इंतजार खत्म हो सकता है। खगोलविदों ने एक नए ग्रह की खोज की है, जिसे पानी से भरपूर माना जा रहा है। इस 'सुपर-अर्थ' को मोरक्को के औकाइमेडेन लैब के अब्दुरहमान साबकिउ के नेतृत्व में खगोलविदों की टीम ने खोजा है। रिसर्च करने वाली टीम ने NASA के ट्रांसिटिंग एक्सोप्लैनेट सर्वे सैटेलाइट (TESS) का उपयोग करते हुए ये नया ग्रह खोजा है। शोधकर्ताओं ने इस नए ग्रह का नाम TOI-1846 b रखा है।

TOI-1846 b की खोज करने वाली टीम का मानना है कि यह ग्रह 7.2 अरब साल पुराना है और इस पर पानी का बड़ा भंडार मिल सकता है। TOI-1846 b पृथ्वी से करीब 154 प्रकाश वर्ष दूर है। यह हमारे ग्रह यानी पृथ्वी से तकरीबन दोगुना बड़ा और चार गुना से भी ज्यादा भारी है। शोधकर्ताओं का कहना है कि इस एक्सोप्लैनेट की त्रिज्या पृथ्वी की त्रिज्या से 1.792 गुना है और यह पृथ्वी से 4.4 गुना अधिक भारी है।

### यहां एक साल चार दिन जितना

रिसर्च कहती है कि TOI-1846 b हर 3.93 दिनों में अपने उपग्रह की परिक्रमा करता है यानी इसका एक साल सिर्फ चार दिन का होता है। इस ग्रह का तापमान 568.1 K (295C) होने का अनुमान है। वैज्ञानिकों ने TOI-1846 b की पुष्टि के लिए TESS के अलावा ग्राउंड बेस्ड कलर फोटोग्राफी, हाई रिजॉल्यूशन इमेजिंग और स्पेक्ट्रोस्कोपिक का इस्तेमाल किया है।

वैज्ञानिक ये मान रहे हैं कि यह सुपर-अर्थ पानी से भरपूर हो सकता है। हालांकि इसकी सही जानकारी के लिए अभी और रिसर्च की जरूरत है। वैज्ञानिकों ने कहा कि TOI-1846 b की संरचना जानने के लिए रेडियल वेलोसिटी (RV) का इस्तेमाल किया जाएगा। RV के माध्यम से बेहतर तरीके से यह पता किया जा सकेगा कि ग्रह पर पानी की मौजूदगी है या नहीं है।

### इस साल दूसरे सुपर अर्थ की खोज

इस साल की शुरुआत में वैज्ञानिकों ने HD 20794 d नाम का एक और सुपर-अर्थ खोजा था, जो पृथ्वी से छह गुना ज्यादा भारी है। इस ग्रह की सतह पर भी पानी होने का अनुमान है। यह पृथ्वी से 20 प्रकाश वर्ष दूर है और पृथ्वी के सूर्य की परिक्रमा करने के समान ही एक तारे के चारों ओर घूमता है। हालांकि पृथ्वी की तरह इसका ऑर्बिट गोल नहीं है। ऐसे में यह कहना काफी मुश्किल है कि इस ग्रह पर जीवन संभव हो सकता है।

Gujrat

# गुजरात में महिसागर नदी पर बना ब्रिज टूटा कई वाहन गिरे, ट्रक लटका... 2 लोगों की मौत

**अहमदाबाद. गुजरात में महिसागर नदी पर बने ब्रिज का एक हिस्सा भरभराकर गिर गया. इस दौरान कई वाहन नदी में जा गिरे. दो लोगों की मौत की खबर है जबकि कई लोगों को रेस्क्यू किया गया है.**

यह ब्रिज 43 साल पुराना था. वडोदरा-आणंद को जोड़ने वाला यह गंभीरा ब्रिज उस समय गिर गया, जब भारी ट्रैफिक था. इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें एक ट्रक आधे-टूटे पुल पर लटका नजर आ रहा है. फिलहाल रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है.



एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना सुबह 8.30 बजे के आसपास की है. पुल टूटने की वजह से दो ट्रक और एक पिकअप वैन सहित चार वाहन महिसागर नदी में गिर गए. तीन लोगों को रेस्क्यू किया गया. पुलिस और स्थानीय लोग मौके पर हैं. फायर ब्रिगेड की टीमें भी मौके पर हैं. इस हादसे की वजह से क्षेत्र में यातायात प्रभावित हुआ है. पुलिस ने ट्रैफिक को डाइवर्ट कर दिया है. इस ब्रिज को आमतौर पर सुसाइड प्वॉइन्ट के तौर पर भी जाना जाता है. बता दें कि गुजरात में बीते कई दिनों से लगातार बारिश हो रही है.

Bihar

## पश्चिम बंगाल और ओडिशा में दिखा भारत बंद का असर, सात प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया



**जलपाईगुड़ी, (एजेंसी) ट्रेड यूनियनों और किसान संगठनों की ओर से बुलाए गए भारत बंद का असर देश के कई हिस्सों में देखने को मिल रहा है। बंद का असर पश्चिम बंगाल के, जाधवपुर जलपाईगुड़ी और ओडिशा के कई जिलों में सुबह ही देखने को मिला। स्थिति बिगड़ने से पहले पुलिस ने सात प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेकर कोतवाली थाने में भेज दिया।**

बुधवार सुबह से ही पश्चिम बंगाल के कोलकाता, जलपाईगुड़ी समेत कई जिलों और ओडिशा के कई जिलों में भारत बंद को लेकर तनावपूर्ण माहौल देखने को मिला। बंद समर्थक शहर के प्रमुख स्थानों पर जमा हो गए। बस स्टैंड, पोस्ट ऑफिस और अन्य महत्वपूर्ण जगहों पर विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने बस सेवाओं को रोकने की कोशिश की, जिससे स्थानीय स्तर पर तनाव की स्थिति बन गई।

स्थिति बिगड़ने से पहले पुलिस ने बंद समर्थकों को चारों ओर से घेर लिया और सात प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेकर कोतवाली थाने ले जाया गया। बंद का असर कुछ समय के लिए दैनिक जनजीवन पर भी देखने के लिए मिला। एक स्थानीय महिला ने कहा, 'मैं स्कूल में काम करती हूं, और अब वहां जा रही हूं। स्कूल बंद है, लेकिन सरकारी बस चलेगी। मैं इसी भरोसे पर घर से निकली थी।'

New Delhi

## मौसम का हाल: हिमाचल के सात जिलों में बाढ़ का अलर्ट, बंगाल-महाराष्ट्र में जोरदार बारिश

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** देश के अधिकांश हिस्से में मूसलाधार बारिश जारी है जिससे कई बड़ी नदियां उफान पर हैं। असम, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र समेत कई राज्यों में बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है। मध्य भारत में मानसून पूरी तरह सक्रिय है। हिमाचल प्रदेश में आफत की बारिश लगातार हो रही है और सात जिलों में अगले चौबीस घंटों के दौरान आकस्मिक बाढ़ का खतरा बना हुआ है। पश्चिम बंगाल के भी कई हिस्सों में जोरदार बारिश हुई है और कोलकाता समेत विभिन्न जगहों पर जलभराव की समस्या पैदा हो गई है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के कारण हिमाचल प्रदेश के चांबा, कांगड़ा, मंडी, कुल्लू, शिमला, सोलन और सिरमौर में अचानक बाढ़ आने की चेतावनी जारी की है। विभाग ने राज्य के अलग-अलग स्थानों पर सोमवार तक भारी बारिश जारी रहने की चेतावनी देते हुए यलो अलर्ट जारी किया है। भारी बारिश, बाढ़ और भूस्खलन से प्रदेश में 225 सड़कें बंद हैं जिनमें सर्वाधिक प्रभावित मंडी जिले में 153 सड़कें शामिल हैं।

New Delhi

## किसान नेताओं के घर पहुंची ED, बीकेयू के सुख गिल समेत कइयों के आवास पर छापा

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** ED यानी प्रवर्तन निदेशालय ने बुधवार को किसान नेताओं के ठिकानों पर दबिश दी है। इस दौरान भारतीय किसान यूनियन (टोटेवाल) के अध्यक्ष सुख गिल समेत पंजाब के कई किसान नेता शामिल हैं। फिलहाल, केंद्रीय जांच एजेंसी के अधिकारियों ने साफ नहीं किया है कि किस मामले में किसान नेताओं के खिलाफ ऐक्शन लिया गया है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पंजाब के मोगा जिले के टोटा सिंह वाला गांव के रहने वाले सुख गिल करीब 12 साल पहले ऑर्केस्ट्रा में डांसर थे और शादी समारोहों में भी डांस करते थे। इसके अलावा वह कम बजट की पंजाबी फिल्मों में अभिनेता भी रहे। साल 2016 में वह स्थानीय टीवी और वेब चैनलों के लिए राजनेताओं का इंटरव्यू करने लगे




और पत्रकार बन गए। इसके आसपास ही वह शिरोमणि अकाली दल की मोगा यूनिट में पदाधिकारी भी बन गए। फिलहाल, वह बीकेयू (टोटेवाल) के प्रदेश अध्यक्ष हैं। खबर है कि 21 साल के जसविंदर सिंह नाम के शख्स की शिकायत पर सुख गिल के खिलाफ पुलिस ने 45 लाख रुपये के इमीग्रेशन फ्रॉड को लेकर केस दर्ज किया है।

खेल

# लॉड्‌र्स टेस्ट में वापसी के लिए तैयार जसप्रीत बुमराह नेट्स पर जमकर बहाया पसीना, किया कड़ा अभ्यास

**लंदन, (एजेंसी)** भारतीय टीम के अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह इंग्लैंड के खिलाफ 10 जुलाई से लॉड्‌र्स में होने में तीसरे टेस्ट मैच में वापसी के लिए पूरी तरह तैयार हैं। बुमराह कार्यभार प्रबंध के चलते बर्मिंघम में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में नहीं खेले थे, लेकिन मैच के बाद कप्तान शुभमन गिल ने इस बात की पुष्टि कर दी थी कि वह तीसरे टेस्ट के लिए प्लेइंग-11 में शामिल होंगे।

बुमराह भी तीसरे टेस्ट मैच की तैयारियों में जुट गए हैं और उन्होंने नेट्स सत्र के दौरान जमकर पसीना बहाया है। उन्होंने करीब 45 मिनट तक गेंदबाजी की और फिर लेफ्ट ऑर्म स्पिनर और थ्रोडाउन विशेषज्ञ के साथ बल्लेबाजी अभ्यास भी किया। बुमराह ने सीरीज शुरू होने से पहले बताया था कि वह इस दौरे पर सिर्फ तीन टेस्ट मैच ही खेलेंगे। बुमराह लीड्स में खेले गए पहले टेस्ट में खेले थे, लेकिन



दूसरे टेस्ट मैच में उन्हें आराम दिया गया था। भारत ने दूसरा टेस्ट मैच जीतकर पांच मैचों की सीरीज में 1-1 की बराबरी हासिल कर ली है।

तीसरे टेस्ट मैच से पहले भारत ने पहले ट्रेनिंग सत्र में हिस्सा लिया। इस दौरान बुमराह काफी सकारात्मक दिखे और लगातार टीम के साथी खिलाड़ियों के साथ चर्चा करते नजर आए। यह लगभग तय है कि प्रसिद्ध कृष्णा की जगह बुमराह को प्लेइंग-11 में शामिल किया जाएगा। बुमराह ने पूरी क्षमता के साथ ट्रेनिंग सत्र में हिस्सा लिया, लेकिन उनसे भी ज्यादा मेहनत अर्शदीप सिंह ने की। अर्शदीप करीब एक घंटे तक दौड़ते रहे।

माना जा रहा है कि बर्मिंघम की तुलना में लॉड्‌र्स की पिच बल्लेबाजों के लिए चुनौतीपूर्ण रहेगी। यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या भारतीय टीम एजबेस्टन की तरह प्लेइंग-11 रखेगी जिसमें दो स्पिनर, तीन गेंदबाज और चौथे तेज गेंदबाज के विकल्प के रूप में नीतीश रेड्डी रहेंगे। कप्तान गिल, केएल राहुल, यशस्वी जायसवाल, ऋषभ पंत, आकाश दीप और मोहम्मद सिराज उन खिलाड़ियों में शामिल थे जिन्होंने ट्रेनिंग सीजन में हिस्सा नहीं लिया।

सिराज पहले दोनों मैचों में प्लेइंग-11 का हिस्सा रहे और भारतीय गेंदबाजों में उन्होंने सबसे ज्यादा ओवर फेंके। मैदान पर वह हमेशा अपना 100 प्रतिशत देते हैं और भारत के बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक का कहना है कि एक समय पर उनके कार्यभार का प्रबंध करना होगा। कोटक ने कहा, वर्कलोड मैनेजमेंट सिर्फ बुमराह के लिए नहीं, बल्कि हर गेंदबाज के लिए हैं। सभी गेंदबाजों की फिटनेस और उनके मुद्दे अलग हैं, लेकिन मेरे ख्याल से मैचों के बीच में काफी आराम मिल रहा है। तीसरे टेस्ट के बाद काफी लंबा समय है, लेकिन सिराज ऐसे हैं जिन्होंने काफी गेंदबाजी की है।

सिनेमा

## आलिया भट्ट की एक्स-पीए वेदिका प्रकाश शेट्टी गिरफ्तार, एक्ट्रेस के खाते में लाखों की धांधली का आरोप



आलिया भट्ट की पर्सनल असिस्टेंट रहीं वेदिका प्रकाश शेट्टी को मुंबई की जुहू पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वेदिका पर भट्ट प्रोडक्शन्स और आलिया भट्ट के खाते से लाखों की हेरा फेरी करने का आरोप है। पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है और इस मामले में अभी तक आलिया भट्ट या उनकी टीम की तरफ से कोई बयान जारी नहीं किया गया है। आलिया का प्रोडक्शन हाउस इटर्नल सनशाइन प्रोडक्शन्स प्राइवेट लिमिटेड साल 2021 में आलिया भट्ट ने लॉन्च किया था। इसका मुख्य फोकस खुशमिजाज फिल्में प्रोड्यूस करना था जिनकी कहानियां ऑरिजनल और लंबे वक्त तक लोगों को पसंद आने वाली हों। वेदिका प्रकाश शेट्टी पर 2023 से 2025 के बीच प्रोडक्शन हाउस और आलिया भट्ट के खाते में 76 लाख रुपये की हेरा-फेरी करने का आरोप है। आलिया भट्ट की मां सोनी राजदान ने पैसों की हेरा-फेरी के मामले में इसी साल फरवरी में शिकायत दर्ज करवाई थी। तब एफआईआर दर्ज करके मामले की पड़ताल शुरू कर दी गई थी। न्यूज18 की एक रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस ने वेदिका को बेंगुलुरू में ट्रैक किया और वहीं से उनकी गिरफ्तारी हुई। अब पुलिस वेदिका के बैंक खाते और फाइनेंशियल ट्रांजेक्शन्स खंगाल रही है ताकि मामले की तह तक पहुंचा जा सके।

## Highlights

1. Puri Jagannath temple's Ratna Bhandar repair work complete: Official
2. Centre to digitise 50 crore rare manuscript pages in 3 years
3. I'm from UP, I saved Mumbai on 26/11: Ex-commando on language row
4. Man held for wearing smartglasses with hidden camera at Kerala temple
5. CM Stalin announces ex-gratia for TN school van crash victims

# Bharat Bandh 2025: Banks to face delay, disruption amid nationwide strike | What we know

**NEW DEIHI, (Agency).** Services in the banking sector are expected to be disrupted today due to the ongoing Bharat Bandh. The nationwide strike, called by a forum of 10 central trade unions, began at 6 AM on Wednesday.

As the Bharat Bandh takes effect across cities such as Delhi, Mumbai, Bengaluru, Kolkata and more, trade union workers have stated that public services such as banking, coal mining, postal services, state transport and more will be impacted.

Over 25 crore workers are expected to join the nationwide strike against the Central government's "pro-corporate" policies today.

Bharat Bandh today: Are banks closed?

While no state has officially announced the closure of the banks, services are expected to be delayed due to the workers joining the strike.

Furthermore, banks have also not officially declared - Wednesday, July 9 - a holiday



for workers. Hence, banks across India are expected to stay open, however, they may be short staffed due to the bandh.

Bharat Bandh today against 'pro-corporate' policies

A forum of 10 central trade unions have come together to announce the nationwide strike. The strike, which was scheduled to take place on May 20, was postponed to July 9 due to the aftermath of the Pahalgam terror attack and Operation Sindoor.

The 10 unions behind the strike are -

1. Indian National Trade Union Congress (INTUC)
2. All India Trade Union Congress (AITUC)
3. Hind Mazdoor Sabha (HMS)
4. Centre of Indian Trade Unions (CITU)
5. All India United Trade Union Centre (AIUTUC)
6. Trade Union Coordination Centre (TUCC)
7. Self-Employed Women's Association (SEWA)
8. All India Central Council of Trade Unions (AICCTU)
9. Labour Progressive Federation (LPF)
10. United Trade Union Congress (UTUC)

# Nothing Phone (3) review: A flagship that says nothing, very loudly

**NEW DEIHI, (Agency).** When prices start at ₹79,999 for your first flagship Android phone, it is inevitable there will be comparisons drawn. In this case, with the likes of a OnePlus 13. There are two distinct parts that define Nothing's most expensive phone ever, the Phone (3), which unlike its predecessors, which were 'flagship-killers', is aiming to be a thoroughbred flagship in itself. There's the matter of specs, on which there are certain observations that may define your choice, as well as the small matter of whether you like this rather bold design. To be fair, this phone looks better in black, and that's the colour you should be going for.



Beyond the colour choice too, there's a lot to like about the Nothing Phone (3). As you hold and use the phone, which is a collective of the material used, the overall design and dimension specifics, as well as the software in play, the Nothing Phone (3) feels remarkably Nothing-like. That may be good news, at least with regard to familiarity, for the ones upgrading and also is a good standpoint for the ones buying a Nothing phone for the first time.

There are two elephants in the room (usually, one is more than a handful in the world of tech, defining the success or not of new products), which must be addressed with the Nothing Phone (3). First, the choice of two sets of components — the chip that's the beating heart and the choice of camera sensors. Secondly, the design itself, which may be bold, but as I discovered, it tends to grow on you after a point. For the latter in particular, credit to Nothing for making a phone that doesn't soullessly submerge into a sea of sameness that smartphones generally have been for many years now.

# इंदौर में युवक ने किया 'गर्दन उतारने' का कमेंट, एफआईआर

## ◆ धोबीघाट हमारा है' नारे पर विवाद; हिंदू जागरण मंच जिला संयोजक को दी जान से मारने की धमकी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** इंदौर धोबीघाट पर मंगलवार रात हिंदू जागरण मंच और धोबीघाट रक्षा समिति के तत्वावधान में आयोजित महाआरती कार्यक्रम के दौरान लगे नारे पर सोशल मीडिया में विवाद खड़ा हो गया है। कार्यक्रम के संचालन के दौरान मंच संयोजक सुमित हार्डिया द्वारा लगाए गए नारे का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया। इस वीडियो पर सूफियान अंसारी नामक युवक ने कमेंट कर आपत्तिजनक और धमकी भरी टिप्पणी कर दी।

कमेंट में लिखा – 'इसकी गर्दन कौन उतारेगा?' कमेंट सामने आने के बाद सुमित हार्डिया अपने साथियों के साथ जूनी इंदौर थाने पहुंचे और युवक के खिलाफ केस दर्ज कराया।

**कमेंट को बताया जान से मारने की धमकी-** सुमित हार्डिया ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि वह हिंदू जागरण मंच जिला रामेश्वर का संयोजक है। 8 जुलाई की रात धोबीघाट मैदान स्थित हनुमान मंदिर पर महाआरती का आयोजन किया गया था, जिसमें उन्होंने मंच का संचालन करते हुए नारा लगाया –'हर हिंदू का नारा है, धोबीघाट हमारा है।' सुमित के मुताबिक, यह नारा इसलिए लगाया गया क्योंकि यह स्थल लंबे समय से हिंदू समाज और धोबी समाज से



जुड़ा रहा है। कार्यक्रम के इसी वीडियो पर इंस्टाग्राम आईडी के ज़रिए सूफियान अंसारी नामक युवक ने आपत्तिजनक कमेंट किया, जिसमें जान से मारने की धमकी दी गई और हिंदू समाज को भड़काने की कोशिश की गई।

**सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की साजिश का आरोप-** सुमित हार्डिया का कहना है कि इस तरह की टिप्पणी केवल उन्हें धमकाने तक सीमित नहीं, बल्कि इससे पूरे हिंदू समाज को उकसाने और सामाजिक दंगा फैलाने की साजिश की गई है। जूनी इंदौर थाना पुलिस ने मामले में सुफियान अंसारी और अन्य अज्ञात के खिलाफ शिकायत के आधार पर विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सड़क हादसे में एक्टिवा सवार युवक की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** एमआईजी थाना क्षेत्र में सोमवार रात एक सड़क हादसे में 25 वर्षीय युवक की जान चली गई। मृतक गौरव महाराणा एक्टिवा से अपने दोस्त से मिलकर घर लौट रहा था, तभी एमआर-10 ब्रिज पर एक अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में गौरव की मौके पर ही मौत हो गई। एमआईजी पुलिस के अनुसार, गौरव महाराणा पुत्र रविकांत, निवासी गणेश धाम कॉलोनी (बाणगंगा), सोमवार रात करीब 12 बजे अपने दोस्त रोहन से अनोप टॉकीज के पास से मिलकर घर लौट रहा था। रास्ते में वह एक पेट्रोल पंप पर रुका और पेट्रोल भरवाने के बाद आगे बढ़ा। इसी दौरान एमआर-10 ब्रिज पर टोल के पहले किसी अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि गौरव एक्टिवा सहित सड़क पर गिर पड़ा और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए एमवाय अस्पताल भेजा। गौरव के मोबाइल की कॉल डिटेल खंगालने पर पता चला कि हादसे से पहले उसने अपने दोस्त रोहन से बात की थी।

# इंदौर नगर निगम के 22 जोन पर कांग्रेस का प्रदर्शन

## टैक्स वृद्धि का करेंगे विरोध, नेता प्रतिपक्ष बोले- संपत्ति, जल और अन्य शुल्कों में हुई अप्रत्याशित वृद्धि



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** इंदौर में कांग्रेस बुधवार को नगर निगम के सभी 22 जोन पर प्रदर्शन करेगी। प्रदर्शन सुबह 10.30 से 11 बजे के बीच किया जाएगा। अलग-अलग विधानसभावार कांग्रेस नेताओं को जिम्मेदारी दी गई है। अलग-अलग जोनों पर कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता एकत्रित होंगे और एक साथ प्रदर्शन शुरू करेंगे।

नगर निगम नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे ने कहा- इंदौर नगर निगम के वर्ष 2025-26 के सालाना प्रस्तुत बजट में संपत्तिकर, जलकर और अन्य शुल्कों में की गई अप्रत्याशित वृद्धि को लेकर उन्होंने मांग की है कि इस अनुचित वृद्धि को तुरंत वापस लिया जाए।

**सत्ता दल की मनमानी से लोगों को अवगत कराएंगे-** चिंटू चौकसे ने कहा- यह कर वृद्धि आज की कमर तोड़ महंगाई एवं आमदनी कम होने के समय में कर दाताओं पर अनावश्यक भार है। हम मानते हैं कि विपक्षी दल होने के नाते हमारी जिम्मेदारी है कि हम सत्ता दल की इस मनमानी और तानाशाही पूर्ण रवैये से शहरवासियों को अवगत कराया।

इस कर वृद्धि और भाजपा के तानाशाही पूर्ण रवैए के खिलाफ मप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी, सज्जन वर्मा, सत्यनारायण पटेल, रवि जोशी के नेतृत्व में निगम के सभी 22 जोन पर जनता के साथ मिलकर बुधवार को सुबह जंगी प्रदर्शन किया जाएगा।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक